अनुक्रमांक

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12+2 मानचित्र

नाम

932

# 825 (ES)

## 2016

## सामाजिक विज्ञान

**केवल प्रश्न-पत्र**

**(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों — क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।*



*(iv) प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं — बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं ।*

*(v) क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।*

*(vi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।*

### खण्ड क

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

1. निम्नलिखित में से किसने होम रूल लीग की स्थापना की थी ? 1

(अ) लाला लाजपत राय

(ब) मोहम्मद अली जिन्ना

(स) बिपिन चन्द्र पाल

(द) बाल गंगाधर तिलक

**2.** लाला हरदयाल थे एक 1

(अ) वैज्ञानिक

(ब) समाज सुधारक

(स) शिक्षाविद्

(द) क्रान्तिकारी

**3.** लोक सभा के सदस्य का कार्यकाल है 1

(अ) 2 वर्ष

(ब) 5 वर्ष

(स) 3 वर्ष

(द) 6 वर्ष

**4.** वर्साय की सन्धि की गयी थी 1

(अ) रूस के साथ

(ब) अमेरिका (यू.एस.ए.) के साथ

(स) जर्मनी के साथ

(द) इटली के साथ

**5.** इंग्लैण्ड की गौरवपूर्ण क्रान्ति किस राजा के समय में हुई ? 1

(अ) जेम्स प्रथम

(ब) जेम्स द्वितीय

(स) चार्ल्स प्रथम

(द) हेनरी द्वितीय



**6.** भारत के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति थे 1

(अ) फखरूद्दीन अली अहमद

(ब) डॉ. ज़ाकिर हुसैन

(स) सलमान खुर्शीद

(द) डॉ. अब्दुल कलाम आज़ाद

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

**7.** प्रथम विश्व युद्ध के दो परिणाम बताइए । 1+1

**8.** भारत के दो पड़ोसी देशों का नाम लिखिए । 1+1

**9.** विश्व स्वास्थ्य संगठन क्या है ? इसका मुख्यालय कहाँ स्थित है ? 1+1

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

**10.** रूस में 'ख़ूनी रविवार' की घटना क्यों हुई ? इसका क्या परिणाम हुआ ? $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा**

लीग ऑफ़ नेशन्स की असफलता के कोई तीन कारण लिखिए । 1+1+1

11. भारत की विदेश नीति के मुख्य सिद्धान्त क्या हैं ? उनमें से किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए । 1+1+1

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए । 1+1+1

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. भारतीय नवजागरण में राजा राम मोहन राय और स्वामी दयानन्द का क्या योगदान था ? इनके द्वारा स्थापित संस्थाओं के सिद्धान्तों में क्या समानताएँ थीं ? 3+3

**अथवा**

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब और कहाँ की गई ? इसके प्रमुख उद्देश्य क्या थे ? 1+1+4

13. उन तीन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जब राष्ट्रपति अपनी संकटकालीन शक्तियों का प्रयोग कर सकता है । 2+2+2

**अथवा**

राज्य सभा के संगठन एवं कार्यों पर प्रकाश डालिए । 3+3



## (मानचित्र-कार्य)

14. निम्नलिखित स्थानों को **भारत** के दिए गए रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं ।

(i) वह नगर जहाँ नाना साहब ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध युद्ध किया था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ भारत में थियोसोफिकल सोसाइटी स्थापित हुई थी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ बुलन्द दरवाज़ा स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) नाना साहब ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध किस नगर में युद्ध किया था ? *1*

(ii) भारत में थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना कहाँ हुई थी ? *1*

(iii) स्वर्ण मन्दिर किस नगर में स्थित है ? *1*

(iv) बुलन्द दरवाज़ा कहाँ स्थित है ? *1*

(v) प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर कहाँ स्थित है ? *1*



## खण्ड ख

## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**15.** माउण्ट एवरेस्ट की ऊँचाई है *1*

(अ) 8348 मीटर

(ब) 8848 मीटर

(स) 8748 मीटर

(द) 8948 मीटर

**16.** निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की जनसंख्या का घनत्व भारत की जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक है ? *1*

(अ) पश्चिम बंगाल

(ब) उत्तर प्रदेश

(स) बिहार

(द) मध्य प्रदेश

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश विकसित देश है ? *1*

(अ) चीन

(ब) श्री लंका

(स) फ्रांस

(द) मिस्र

18. जलोढ मिट्टी का निर्माण होता है
(अ) ज्वालामुखी विस्फोट से
(ब) वायु से
(स) ग्लेशियरों से
(द) नदियों से

19. भारत में विदेशी विनिमय का नियंत्रक कौन है ? 1
(अ) स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया
(ब) सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इण्डिया
(स) रिज़र्व बैंक ऑफ़ इण्डिया
(द) यूनियन बैंक ऑफ़ इण्डिया

20. 'बिक्री कर' आय का साधन है
(अ) केन्द्र सरकार का
(ब) राज्य सरकार का
(स) ज़िला पंचायत का
(द) ग्राम पंचायत का

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. भारत में कृषि और उद्योगों की पारस्परिक-निर्भरता की विवेचना कीजिए । *1+1*

22. जनसंख्या के घनत्व से आप क्या समझते हैं ? भारत के किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सबसे कम है ? *1+1*

23. भारत के व्यापार के आयात व निर्यात की दो-दो वस्तुओं का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए तीन उपाय सुझाइए । *1+1+1*

**अथवा**

भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के तीन कारकों की विवेचना कीजिए । *1+1+1*

25. आर्थिक नियोजन का क्या तात्पर्य है ? इसके किन्हीं दो लाभों का वर्णन कीजिए । *1+1+1*

**अथवा**

आर्थिक नियोजन के किन्हीं तीन उद्देश्यों की विवेचना कीजिए । *1+1+1*

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. भारत में खनिज तेल और कोयले के उत्पादन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए । *3+3*

**अथवा**

भारत का भौगोलिक वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए : *2+2+2*
(अ) स्थिति एवं विस्तार
(ब) भू-आकृति (उच्चावच)
(स) जल निकास (प्रवाह)

**27.** कृषि की किन्हीं छः निविष्टियों की विवेचना कीजिए । *1+1+1+1+1+1*

**अथवा**


भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों के किन्हीं छः योगदानों का वर्णन कीजिए । *1+1+1+1+1+1*

## (मानचित्र-कार्य)


***निर्देश : भारत** के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए ।*

**28.** (i) कृष्णा नदी  चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) श्रीनगर ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) गन्ना उत्पादन के किसी एक क्षेत्र को  चिह्न द्वारा । *1*

(iv) कोलकाता से दिल्ली रेलमार्ग एक स्टेशन  चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) एक आण्विक केन्द्र  चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) कृष्णा नदी किस समुद्र में गिरती है ? *1*

(ii) श्रीनगर किस राज्य में स्थित है ? *1*

(iii) भारत के एक आण्विक केन्द्र का नाम लिखिए । *1*

(iv) भारत की किसी एक बहु-उद्देशीय नदी-घाटी परियोजना का नाम लिखिए । *1*

(v) पंजाब राज्य की राजधानी का नाम लिखिए । *1*